Regarding need to expedite construction of Bihta ? Aurangabad railway line and extension of the railway line upto Hazaribagh in Jharkhand ? laid

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): पूर्व मध्य रेल के अन्तर्गत बिहटा ? औरंगाबाद नई रेल परियोजना स्वीकृत है परियोजना का कार्य 2011 -12 में पूरा होना थाI परियोजना के क्रियान्वयन मे विलम्ब होने से प्राक्कलन राशि 326 करोड़ रूपये से बढ़कर 2800 करोड़ रूपये हो गई। इस मामले को मैंने पहले भी कई बार सदन मे उठाया लेकिन सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए राशि आवंटन मे बिलम्ब से परियोजना का कार्य लंबित है। मेरी मांग है कि इस परियोजना का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो तथा औरंगाबाद, अम्बा, देव, डुमरिया,इमामगंज एवं चतरा होते हुए हजारीबाग तक इस रेल लाइन का विस्तार किया जाए जिससे बिहार और झारखंड राज्यों के आधा दर्जन उग्रवाद प्रभावित और आकांक्षी जिले बेहतर रेल संपर्क से जुड़ सकें और इस पिछड़े इलाके मे बढ़ती आवादी की जरूरतों को ध्यान मे रखते हुए और विकास की गति को त्वरित करने हेतु सरकार परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा करें।